Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

وَلَوْ تَرٰٓى اِذْ وُقِفُوْا عَلَى النَّارِ فَقَالُوْا يٰلَيْتَنَا نُرَدُّ وَلَا نُكَذِّبَ بِاٰيٰتِ رَبِّنَا وَنَكُوْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ

(अल्-ईनाम : 28)

अनुवाद : और काश तू देख सकता कि जब वे आग के पास (ज़रा) ठहराए जाऐंगे तो कहेंगे हे काश! ऐसा होता कि हम वापस लौटा दिए जाते, फिर हम अपने रब की आयात की तक़ज़ीब न करते और हम मोमिनीन में से हो जाते।

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 7
अंक- 47-48

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly BADAR Qadian HINDI

मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

06 जमादिउल अव्वल 1444 हिज्री कमरी, 01 फ़तह 1401 हिज्री शम्सी, 24-01 दिसम्बर 2022 ई.

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

तुम में अच्छे वही लोग हैं जो क़र्ज़ की अदायगी उम्दगी से करते हैं

(2305) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि एक व्यक्ति का एक साला ऊंट का बच्चा नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ज़िम्मा क़र्ज़ था। वह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से तक़ाज़ा करने आया। फ़रमाया : उसे दे दो। उन्होंने उस आयु का ऊंट तलाश किया। एक वर्ष का तो नहीं मिला, उससे बड़ी उम्र का मिला। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : उसे (बड़ी उम्र ही का) दे दो। उस शख़्स ने कहा : आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने (मेरे हक़ से)बढ़ कर अदा किया है। अल्लाह आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को भी बढ़कर नबी सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : तुम में अच्छे वही लोग हैं जो क़र्ज़ की अदायगी उम्दगी से करते हैं।

(तशरीह) हज़रत सय्यद ज़ैनुल आबेदीन वलीउल्लाह शाह साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के वकील ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की नियाबत में मुफ़व्विज़ा ज़िम्मेदारी अदा की। कभी कबार इन्सान किसी जगह जाकर काम सरअंजाम नहीं दे सकता, इस लिए वकील का मुहताज होता है और बाज़-औक़ात मौजूद हो कर भी वकील का मुहताज हो सकता है। दोनों हालतों में वकील बनाने के जवाज़ की सूरत हो जाती है।

जम्हूर के नज़दीक वकालत अलल तलाक़ जायज़ है। इमाम अबू-हनीफ़ा रज़ियल्लाहु अन्हु के निकट कोई व्यक्ति जो ख़ुद अपने शहर में मौजूद हो, अपनी मौजूदगी की हालत में वकील नहीं कर सकता, सिवाए इसके कि वह बीमार हो या सफ़र पर जा रहा हो।

(बुख़ारी, भाग 4 किताब अल् वकाला, मुद्रित 2008 क़ादियान)

हमारा उसूल तो यह है कि प्रत्येक से नेकी करो और ख़ुदा तआला की समस्त मख़लूक़ से एहसान करो

हुक्काम की इताअत और वफ़ादारी हर मुस्लमान का फ़र्ज़ है

मैं इसको बड़ी बेईमानी समझता हूँ कि गर्वनमैंट की इताअत और वफ़ादारी सच्चे दिल से न की जाए

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

कोई नुस्ख़ा हक्मी नहीं

1899 ई. "हमारे घर में मिर्ज़ा साहिब (मुराद अपने वालिद बुज़ुर्गवार मिर्ज़ा ग़ुलाम मुर्तज़ा साहिब मरहूम) पच्चास बरस तक ईलाज करते रहे। वह इस फ़न चिकित्सा में बहुत प्रसिद्ध थे, परन्तु उनका कहना था कि कोई हक्मी नुस्ख़ा नहीं मिला। हक़ीक़त में उन्होंने सच्च फ़रमाया क्योंकि अल्लाह तआला के इज़न के बग़ैर कोई ज़र्रा जो इन्सान के अंदर जाता है कुछ असर नहीं कर सकता।"

हुक्काम और बिरादरी से हुस्न-ए-सुलूक

एक व्यक्ति ने पूछा कि हुक्काम और बिरादरी से कैसा सुलूक करें। फ़रमाया प्रत्येक से नेक सुलूक करो, हुक्काम की इताअत और वफ़ादारी हर मुस्लमान का फ़र्ज़ है। वे हमारी हिफ़ाज़त करते हैं और हर किस्म की मज़हबी आज़ादी हमें दे रखी है। मैं इस को बड़ी बेईमानी समझता हूँ कि गर्वनमैंट की इताअत और वफ़ादारी सच्चे दिल से न की जाए।

बिरादरी के हुक़ूक़ हैं। उनसे भी नेक सुलूक करना चाहिए, जबकि इन बातों में जो अल्लाह तआला की रजामंदी के ख़िलाफ़ हैं इन से अलग रहना चाहिए।

हमारा उसूल तो यह है कि प्रत्येक से नेकी करो और ख़ुदा तआला की समस्त मख़लूक़ से एहसान करो

दुआ और क़ज़ा-ए-क़दर

"जब अल्लाह तआला का फ़ज़ल क़रीब आता है। तो वह दुआ की क़बूलीयत के अस्बाब पहुंचा देता है। दिल में एक रिक़्क़त और सोज़ो गुदाज़ पैदा हो जाता है, लेकिन जब दुआ की क़बूलीयत का वक़्त नहीं होता तो दिल में इतमेनान और रुजू पैदा नहीं होता। तबीयत पर कितना ही ज़ोर डालो, परन्तु तबीयत मुतवज्जा नहीं होती। इस की वजह यह है कि कभी ख़ुदा तआला अपनी क़ज़ा व कदर मनवाना चाहता है और कभी दुआ क़बूल करता है। इस लिए मैं तो जब तक इज़्न-ए-इलाही के आसार न पा लूं, क़बूलीयत की कम उम्मीद करता हूँ और उसकी क़ज़ा व कदर पर इस से ज़्यादा ख़ुशी के साथ जो क़बूलीयत-ए-दुआ में होती है राज़ी हो जाता हूँ, क्योंकि इस ख़ुदा की इच्छा के फल और बरकात उस से बहुत ज़्यादा हैं।" (मल्-फ़ूज़ात, भाग प्रथम, पृष्ठ 413 मुद्रित क़ादियान 2018 ई.)

क़ुरआन-ए-करीम की ये कितनी बड़ी अख़लाक़ी ख़ूबी है कि जिहाद का हुक्म देने से पहले उसने उसकी सीमाओं को वर्णन करना शुरू कर दिया है ताकि ज़्यादती करने की समभावना ही बाक़ी न रहे

उक़ाब के शब्द में यह इशारा किया है कि नाजायज़ हमले का जवाब ही जिहाद कहलाता है, जारिहाना हमला जिहाद नहीं कहला सकता

सब्र का नतीजा बेहतर होता है, बदला लेने से केवल इन्सान का ग़ुस्सा दूर हो जाता है, मगर सब्र करने की सूरत में उसकी रूहानियत तरक़्क़ी कर जाती है

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत नहल आयत नम्बर : 127 وَاِنْ عَاقَبْتُمْ فَعَاقِبُوْا بِمِثْلِ مَا عُوْقِبْتُمْ بِهٖ وَلَئِنْ صَبَرْتُمْ لَهُوَ خَيْرٌ لِّلصّٰبِرِيْنَ तर्जुमा अगर तुम (लोग ज़्यादती करने वालों को) सज़ा दो तो जितनी तुम पर ज़्यादती की गई हो तुम उतनी (ही) सज़ा दो और (हमें अपनी ज़ात की क़सम है कि) अगर तुम सब्र करोगे तो सब्र करने वालों के हक़ में वह (यानी सब्र करना) बेहतर होगा की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

इस आयत का मतलब केवल यह है कि तुम्हारे दुश्मन तुम्हारी दावत बिल् हिकमत को सुनकर नहीं मानेंगे बल्कि तुम्हारे क़तल करने के लिए तलवारें उठाएँगे। तो फ़रमाया कि जब ऐसा हो तो तुमको भी अपने दिफ़ा के लिए तलवार उठाने की इजाज़त होगी।

यह कितना मोजज़ाना कलाम है कि अभी रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मक्का श्रीमती में हैं, यहूद से कोई मुक़ाबला शुरू नहीं हुआ न नसारा से। मगर मक्का ही में यह ख़बर देदी गई कि यहूद भी और नसारा भी तुम पर ज़ुलम और ज़्यादती करेंगें और उस वक़्त दिफ़ा के तौर पर तुमको उनके मुक़ाबला की इजाज़त होगी। हाँ यह नसीहत याद रखना कि जल्द-बाज़ी न करना और पहले सब्र का नमूना दिखाना फिर कोई चारा न रहे तो मुक़ाबला करना। रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस हुक्म की पूरी तकमील की

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

ख़ुत्बः जुमअः

अबू बक़र सब लोगों से अफ़ज़ल और बेहतर है सिवाए इसके कि कोई नबी हो

हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो को यह सआदत और फ़ज़ीलत हासिल है कि मक्की समय में हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के घर में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम रोज़ाना एक दो दफ़ा तशरीफ़ ले जाते थे

लोगों में से कोई भी नहीं जो बलिहाज़ अपनी जान और माल के मुझ पर अबूबकर बिन अबू क़हाफ़ा से बढ़कर नेक सुलूक करने वाला हो अगर मैं लोगों में से किसी को मित्र बनाता तो ज़रूर अबूबकर को ही मित्र बनाता

अबू बकर मुझ से हैं और मैं उनसे हूँ, अबू बकर दुनिया और आख़रत में मेरे भाई हैं

नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को देखा और फ़रमाया यह दोनों कान और आँखें हैं अर्थात मेरे क़रीबी साथियों में से हैं

अबू बकर! तुम मेरी उम्मत में से सबसे पहले हो जो जन्नत में दाख़िल होगे, आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के मनाक़िब-ए-आलीया का अहादीस की रोशनी में ईमान अफ़रोज़ वर्णन

चार मरहूमीन श्रीमान अब्दुल बासित साहिब (अमीर जमाअत इंडोनेशिया), श्रीमती ज़ैनब रमज़ान सैफ़ साहिबा पत्नी श्रीमान यूसुफ़ उसमान कम्बालिया साहिब (मुरब्बी सिलसिला तनज़ानिया),

श्रीमती हलीमा बेगम साहिबा पत्नी श्रीमान शेख़ अब्दुल क़दीर साहिब दरवेश क़ादियान, और श्रीमती मैले अनीसा एपेसाई साहिबा (केरीबास) का वर्णन और नमाज़-ए-जनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 28 अक्टूबर 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

बदरी सहाबा के विषय में हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो का वर्णन हो रहा था और आप रज़ियल्लाहु अन्हो के मनाक़िब का वर्णन चल रहा था। हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो का स्थान या आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आप रज़ियल्लाहु अन्हो के बारे में क्या समझते थे या आप रज़ियल्लाहु अन्हो को क्या स्थान देते थे इस बारे में कुछ रिवायात हैं।

हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो को यह सआदत और फ़ज़ीलत हासिल है कि मक्की दौर में हज़रत अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के घर में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम रोज़ाना एक दो दफ़ा तशरीफ़ ले जाते थे।

(सही बुख़ारी, किताब मनाक़िब अंसार, هجرة النبی ﷺ واصحابه الی المدینة, रिवायत नंबर : 3905)

हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने वर्णन किया कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनको ज़ातुल सलासिल की फ़ौज पर सिपहसालार निर्धारित कर के भेजा और कहते हैं में आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आया। मैं ने कहा लोगों में से कौन आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम को ज़्यादा प्यारा है? आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा। मैंने कहा मर्दों में से? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया उनका बाप। मैंने कहा फिर कौन? आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया फिर उम्र बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इसी तरह चंद मर्दों को शुमार किया।

(सही बुख़ारी, किताब फ़ज़ायल अस्हाबुन्नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम बाब क़ौल अन्नबीसल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम لو کنت متخذًا خلیلًا, हदीस 3662)

हज़रत सलमा बिन अकवा रज़ियल्लाहु अन्हा वर्णन करते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अबू बकर सब लोगों से अफ़ज़ल और बेहतर है सिवाए इसके कि कोई नबी हो (कंज़ुल उम्माल, भाग 6 हिस्सा 11 पृष्ठ 248 फ़ज़ायल अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो, रिवायत नंबर 32548 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2004 ई.)

हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हो ने वर्णन किया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया मेरी उम्मत में से मेरी उम्मत पर सबसे ज़्यादा मेहरबान और रहम करने वाला अबू बकर है।

(सुंन तिरमज़ी, अबवाब मनाक़िब, बाब मनाक़िब मआज़ बिन जबल रिवायत नंबर : 3790)

हज़रत अबू सईद रज़ियल्लाहु अन्हो ने वर्णन किया कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया बुलंद दर्जात वाले जो उनके नीचे वाले हैं वे उनको देखेंगे जिस तरह तुम तलूअ होने वाले सितारे को देखते हो यानी बुलंद दर्जात वाले ऐसे बुलंद दर्जा पर होंगे कि जो नीचे दर्जे के होंगे वह उनको इस तरह देखेंगे जिस तरह तुम तलूअ होने वाले सितारे को आसमान की तरफ़ देखते हो, आसमान के उफ़ुक़ में देखते हो। और अबू बकर और उमर उन में से हैं। अर्थात वे बुलंद हैं। उनको लोग इस तरह देखेंगे जिस तरह बुलंद सितारे को देखा जाता है। आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया और वे दोनों क्या ही ख़ूब हैं। (सुंन अल् तिर्मेज़ी, अबवाब अल्-मनाकिब, बाब मनाक़िब अबी सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो... रिवायत नंबर : 3658)

हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो ने वर्णन किया रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। किसी का हम पर कोई एहसान नहीं मगर हमने उसका बदला चुका दिया सिवाए अबू बकर सिद्दीक़ रज़ियल्लाहु अन्हो के। उसका हम पर एहसान है और उसको इस का बदला क़ियामत के दिन अल्लाह तआला देगा।

(सुंन अल् तिरमेज़ी, अबवाब अल् मनाकिब बाब मनाकिब अबी बकर, रिवायत नंबर : 3661)

नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने अपनी आख़िरी बीमारी में फ़रमाया लोगों में से कोई भी नहीं जो बलिहाज़ अपनी जान और माल से मुझ पर अबू बकर बिन अबू क़हाफ़ा से बढ़कर नेक सुलूक करने वाला हो। अगर मैं लोगों में से किसी को ख़लील बनाता तो ज़रूर अबू बकर को ही ख़लील बनाता लेकिन इस्लाम की दोस्ती सबसे अफ़ज़ल है। इस मस्जिद में समस्त खिड़कियों को मेरी तरफ़ से बंद कर दो सिवाए अबू बकर की खिड़की के।

(सही बुख़ारी, किताब अस्सलात, बाब الخوخة والممر فی المسجد, रिवायत नंबर : 467) यह सही बुख़ारी की रिवायत है।

नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अबू बकर मुझ से हैं और मैं उनसे हूँ। अबू बकर दुनियाऔर आख़िरत में मेरे भाई हैं (कन्जुल उम्माल, भाग 6 हिस्सा 11 पृष्ठ 248 فضل أبو بكر الصديق رضی الله عنه, हदीस नंबर 32547 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत : 2004 ई.)

सुंन तिरमेंज़ी की रिवायत यह है कि हज़रत अनस रज़ियल्लाहु अन्हो ने वर्णन

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

अल्लाह तआला के फ़ज़ल से मजमूई लिहाज़ से अल्लाह तआला ने इस दौरे को हर लिहाज़ से अपने फ़ज़लों से नवाज़ा है,
अल्लाह तआला हमेशा आगे नवाज़ता रहे
अल्लाह तआला करे कि मस्जिदों से यह ताल्लुक़ और इबादतों की फ़िक्र उनमें दाइमी हो जाए और हमेशा रहनेवाली हो
और मस्जिदें हमेशा आबाद रहें, जिस तरह इख़लास और वफ़ा के नज़ारे
अफ़राद-ए-जमाअत ने दिखाए हैं वह हमेशा उनमें क़ायम रहें, ख़ाहिश और दुआ है कि यह इबादत-गाह हमारे माज़ी और
मुस्तक़बिल के दरमयान एक पुल का काम करे (मेयर ज़ायन)
यह मस्जिद द्वेष रखने वालों के बारे में मोमिनों की दुआओं की फ़तह की अलामत है
मेरी दिली इच्छा है कि यह मस्जिद न सिर्फ इस शहर बल्कि चारों अतराफ़ के लिए उम्मीद की किरण बन जाए
(ऑनरेबल जूईस मेसन, मैंबर (ILLINOIS) जनरल असैंबली)
इमाम जमाअत का यह पैग़ाम कि मुआशरे में द्वेष रखने वालों शख़्स की कोई जगह नहीं,
बहुत ही शानदार पैग़ाम था और मुझे इमाम जमाअत की यह बात बहुत पसंद आई है कि हमारे पास जो हथियार है वह दुआ का
हथियार है (एक मेहमान)
आपकी मस्जिद हमारी कम्यूनिटी के लिए उम्मीद और दोस्ती का ज़रीया है (एक मेहमान)
इमाम जमाअत के ख़िताब का महवर बाहमी इत्तिहाद था (डाक्टर जैसी राडरेगज़)
मैं आपके माटो "मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं के बारे में जानता था लेकिन आप लोगों को देखकर इस पर मज़ीद
बढ़ गया
इमाम जमाअत अहमदिया दो ख़ूबियों को फ़रोग़ देने के लिए वक़्फ़ हैं जिसमें पहली मज़हबी आज़ादी और दूसरी बैनुल मज़ाहिब
मुकालमा-ओ-मुख़ातबा हैं (प्रोफ़ैसर डाक्टर राबर्ट हंट)
ज़ुलम-ओ-सितम की जारी दास्तान के बावजूद इमाम जमाअत ने दूसरों से इंतेक़ामी तशद्दुद करने से मना फ़रमाया जो एक बहुत
महान कार्य है (ऑनरेबल माईकल मिक काल)
मुझे जो चीज़ यहां सबसे ज़्यादा नुमायां लगी वह इमाम जमाअत का ख़िताब था कि
किस तरह मज़हबी इख़तेलाफ़ और मुख़्तलिफ़ नज़रियात के बावजूद हम सब आपस में एक दूसरे से जुड़े हैं (एक मेहमान महिला)
मुझे ज़ाती तौर पर इस जमाअत से कोई ख़ौफ़ नहीं है और दूसरों के ख़ौफ़ज़दा होने की भी कोई वजह समझ नहीं आती
क्योंकि यह जमाअत तो बहुत मुहब्बत करने वाली, एहसास करने वाली और हमेशा ख़िदमत-ए-ख़लक़ करने वाली जमाअत है
(एक मेहमान ख़ातून)
मैं इस बात को बहुत सराहता हूँ कि यहां किस तरह हिक्मत के साथ अमन, इत्तेहाद और इन्साफ़ के बारे में बात की गई है
(एक मेहमान)
वर्तमान दौरा अमरीका के अहमदियों और अन्य लोगों पर प्रभाव, ग़ैरों के विचार और दौरे के नतीजे में नाज़िल होने वाले बेशुमार
इलाही अफ़ज़ाल का ईमान अफ़रोज़ वर्णन
अमरीकी और इंटरनैशनल ज़राए इबलाग़ में दौरे की वसीअ तशहीर

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 21 अक्टूबर 2022 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔
أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ
رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔
اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ
وَلَا الضَّآلِّيْنَ

पिछले दिनों जैसा कि आप जानते हैं मैं अमरीका की कुछ जमाअतों के दौरा पर था। एम.टी.ए. के ज़रीया से भी और जमाअती इलैक्ट्रॉनिक मीडीया के ज़रीया से भी ख़बरें पहुँचती रही हैं। यह दौरा अल्लाह तआला के फ़ज़ल से ख़ैर-ओ-ख़ूबी से हुआ। बहरहाल इस के इलावा दूसरे दुनियावी चैनल भी इसकी काफ़ी कवरेज देते रहे हैं।

हर लिहाज़ से अल्लाह तआला के फ़ज़लों के नज़्ज़ारे देखने में आए हैं।

अपनों पर भी इस दौरे का नेक असर क़ायम हुआ और ग़ैरों पर भी। एक ख़ादिम ने अपने एक दोस्त को कहा कि मेरे ज़हन में जमाअत और ख़िलाफ़त के विषय में कुछ बातें पैदा हो रही थीं, कुछ तहफ़्फ़ुज़ात थे जो अब इस दौरा की वजह से बिल्कुल ख़त्म हो गए हैं। इस तरह के बहुत से अच्छे तास्सुरात हैं। फिर लोगों के, बच्चों, औरतों, मर्दों के मुलाक़ात के बाद जो भावनाओ से परिपूर्ण विचार होते थे उनकी अपनी एक लंबी फ़हरिस्त है। वे रिपोर्टों में आप पढ़ते रहे होंगे। फिर ज़ायन में भी, डैलस में भी और बैतुल रहमान मेरी लैंड में भी नमाज़ों पर औरतों, बच्चों और मर्दों की जो हाज़िरी होती थी वह काफ़ी संख्या में होती थी और जिस तरह वह मेरे आते-जाते वक़्त अपने जज़बात का इज़हार करते थे इस से साफ़ नज़र आ रहा होता था कि उनके दिलों में ख़िलाफ़त से मुहब्बत का ताल्लुक़ है और इख़लास-ओ-वफ़ा है। पढ़े लिखे लोग भी, अमीर लोग भी, दुनियावी लिहाज़ से व्यस्त लोग भी नमाज़ के लिए कई कई घंटे लाईन में आकर लग जाते थे ताकि मस्जिद में जगह मिल जाए। यह नहीं कि फ़ारिग़ लोग हैं जो आ गए। उनमें भी यह तबदीली इस बात का इज़हार है या यह रवैय्या, यह इज़हार इस बात का इज़हार है कि अल्लाह तआला के फ़ज़ल से दीन और जमाअत की मुहब्बत उनके दिलों में है। ख़िलाफ़त से ताल्लुक़ उनके

दिलों में है। ग्यारह बारह साल की आयु के बच्चे पाँच छः घंटे लाईन में लग जाते थे क्योंकि चैकिंग और कोविड टैस्ट की वजह से देर लग जाती थी लेकिन कभी किसी ने भी, न मेहमानों ने, न अपनों ने, कोई एतराज़ नहीं किया। बल्कि अपनों ने भी नज़ाम की मुकम्मल इताअत और इख़लास-ओ-वफ़ा के नमूने दिखाए और ज़ायन में बल्कि एक मेहमान ने भी इस बात को देखा और कहा कि मैं ने देखा कितना smooth निज़ाम चल रहा था कि बाक़ायदा चैकिंग हो रही थी, देर लग रही थी लेकिन इसके बावजूद कोई एतराज़ नहीं था। एक ग्यारह बारह साल के लड़के के माँ बाप मुझे कहने लगे कि हमारा बेटा जब से आप आए हैं मस्जिद में आने के लिए पाँच छः घंटे पहले आकर लाईन में लग जाता है और किसी चीज़ की पर्वा नहीं है हालाँकि पहले यह इस फ़िक्र से नमाज़ों में कभी नहीं आया। बहरहाल बच्चों में, लड़कों में, लड़कियों में, सब में मैं ने ख़ुशी और इज़हार का ताल्लुक़ देखा। यह जमाअत पर अल्लाह तआला का फ़ज़ल है। हाज़िरी जो हर जगह नमाज़ों पर होती थी वह इंतेज़ामिया की तवक़्क़ुआत से बहुत बढ़कर थी।

अल्लाह तआला करे कि मस्जिदों से यह ताल्लुक़ और इबादतों की फ़िक्र उनमें दायमी हो जाए और हमेशा रहने वाली हो और मस्जिदें हमेशा आबाद रहें। जिस तरह इख़लास-ओ-वफ़ा के नज़्ज़ारे अफ़राद जमाअत ने दिखाए हैं वह हमेशा उनमें क़ायम रहें।

अमरीका जैसे मुल्क में लोगों का ख़्याल है कि लोग दीन को भूल जाते हैं लेकिन मुझे तो अक्सरियत में इस तरफ़ तवज्जा और फ़िक्र नज़र आई। जो माली क़ुर्बानियों में कमज़ोर हैं वे भी अपने लिए और अपने बच्चों, नसलों के लिए दीन से और ख़िलाफ़त से जुड़े रहने के लिए खासतौर पर दुआ की दरख़ास्त करते थे। अल्लाह तआला अफ़राद-ए-जमात और अमरीका के इख़लास-ओ-वफ़ा को हमेशा बढ़ाता रहे।

इसी तरह लजना, ख़ुद्दाम, अंसार बल्कि बच्चों ने भी इस अरसा में बहुत मेहनत से अपनी डयूटीयाँ दी हैं। औरतों, मर्दों ने कई कई दिन जाग कर तैयारियां की हैं। हाज़िरी भी हर जगह अल्लाह तआला के फ़ज़ल से जैसे मैं ने कहा काफ़ी ज़्यादा थी, हज़ारों में होती थी और उनकी हाज़िरी बैतुर रहमान में तो जलसा की हाज़िरी से बढ़कर थी लेकिन बड़े मुनज़्ज़म तरीक़े से उन्होंने अपने काम को सँभाला है। अल्लाह करे कि अफ़राद-ए-जमाअत अमरीका के इख़लास-ओ-वफ़ा का यह मयार हमेशा बढ़ता रहे और अल्लाह तआला करे कि यह तबदीली आरिज़ी न हो बल्कि हमेशा के लिए हो।

इस वक़्त में ग़ैरों के कुछ तास्सुरात वर्णन करूँगा। अल्लाह तआला ने ग़ैरों के दिलों पर भी ग़ैरमामूली असर डाला है। अल्लाह तआला उन लोगों के सीने मज़ीद खोले और ये लोग सच्चाई को पहचानने वाले भी बन जाएं। बहरहाल कुछ तास्सुरात पेश करता हूँ।

ज़ायन में जो मस्जिद बनी है "फ़तह-ए-अज़ीम" इसके हवाले से वहां जो फंक्शन हुआ था इस में 161 ग़ैर मुस्लिम और ग़ैर अज़ जमाअत मेहमानों ने शिरकत की जिनमें कांग्रेस मैन, कांग्रेस वूमन, मेयरज़, डाक्टरज़, प्रोफ़ैसर्ज़, टीचरज़, वुकला, इंजनीयरज़, सैक्योरिटी के इदारों के नुमाइंदगान और ज़िंदगी के मुख़्तलिफ़ शोबों से ताल्लुक़ रखने वाले शामिल हुए थे।

ज़ायन के शहर के मेयर ऑनरेबल बिल्ली मैकीनी (Billy Mckinney) ने अपने तास्सुरात में वर्णन किया कि मेरे लिए जमाअत-ए-अहमदिया मुस्लिमा के आलमी राहनुमा को मस्जिद फ़तह अज़ीम के अवसर पर ज़ायन शहर में ख़ुश-आमदीद कहना इंतेहाई एज़ाज़ की बात है। फिर कहने लगे यहां ज़ायन में हमारा माटो "Historic past and dynamic future" है और हमारे शहर के दिल में यह ख़ूबसूरत मस्जिद इस माटो की एक आला मिसाल है। फिर कहते हैं ख़ाहिश और दुआ है कि यह इबादत-गाह हमारे माज़ी और मुस्तक़बिल के मध्य एक पुल का काम करे।

यह जानते हुए कि यह मस्जिद ऐसी शानदार ईमान से भरपूर कम्यूनिटी के नुमाइंदों से भरी हुई है मुझे ज़ायन शहर के मुस्तक़बिल के लिए भी उम्मीद दिलाती है। जब मैं इस पैग़ाम को देखता हूँ जो अहमदिया कम्यूनिटी हमारे शहर में ले कर आई है तो मुझे ख़ुशी होती है। तो यह उम्मीद ग़ैरों को भी हमसे हो रही है। फिर कहता है कि यह एक ऐसी जमाअत है जो इस्लाम के पैग़ंबर मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का सम्मान करती है जिन्हों ने ईसाइयों के साथ अह्द किया था। फिर आगे कहते हैं कि अहमदिया मुस्लिम कम्यूनिटी की तरफ़ से इस शहर में जो शानदार ख़िदमात सरअंजाम दी गई हैं और इस शहर की तरक़्क़ी और उसके लोगों की फ़लाह-ओ-बहबूद को बेहतर बनाने के लिए जो काम किए गए हैं उन पर मैं आपका तह-ए-दिल से शुक्रगुज़ार हूँ और हम इस शहर की चाबी इमाम जमाअत अहमदिया की ख़िदमत में पेश करते हैं। चाबी देते हैं। फिर उन्होंने शहर की चाबी भी प्रस्तुत की।

ज़ायन शहर के मेयर के मज़ीद तास्सुरात यह हैं, कहते हैं कि मैं यहां 1962 ई. से मुक़ीम हूँ। यह प्रोग्राम ज़ायन शहर और जमात के लिए एक तारीख़ी प्रोग्राम है। फिर मुझे भी उन्होंने बड़े जज़बाती अंदाज़ में कहा कि आज तुमने मुझे speechless कर दिया है और कहने लगे कि आपकी मौजूदगी का एहसास बहुत उम्दा है।

मैंबर आफ़ अलीनोए (Illinois) जनरल असैंबली ऑनरेबल जोसमेसन (Joyce Mason) ने अपने तास्सुरात में कहा कि यहां ज़ायन में मस्जिद फ़तह-ए-अज़ीम के आरम्भ की इस तारीख़ी तक़रीब का हिस्सा बनना मेरे लिए एज़ाज़ की बात है। ज़ायन अहमदिया मुस्लिम कम्यूनिटी के लिए तारीख़ी एहमीयत का हामिल है। आज इस शहर के लिए ख़ास दिन है। ज़ायन एक ऐसी जगह थी जिसकी बुनियाद पिछली सदी के आग़ाज़ में इलैगज़ेंडर डोवी ने रखी थी जो उसे एक थ्योक्रैटिक शहर बनाना चाहते थे जिसके दरवाज़े उसके मानने वालों के इलावा बाक़ी प्रत्येक के लिए बंद थे लेकिन आज ज़ायन शहर मुख़्तलिफ़ मज़ाहिब से ताल्लुक़ रखने वाले लोगों का घर है और यह मस्जिद द्वेष रखने वालों के बारे में मोमिनों की दुआओं की फ़तह की निशानी है।

मैं अहमदिया मुस्लिम कम्यूनिटी को इस शानदार कामयाबी पर मुबारकबाद पेश करती हूँ। ग़ैरों को भी इस मुक़ाबले का अच्छी तरह पता लग गया। फिर कहती हैं कि इमाम जमाअत अहमदिया अमन के फ़रोग़ के हवाले से एक कार्य करने वाला मुस्लिम मार्गदर्शक हैं। फिर उन्होंने कहा कि उन्होंने अमन के क़ियाम पर ज़ोर देते हुए दुनिया-भर के क़ानून साज़ों और दीगर राहनुमाओं से बात की है। फिर कहती हैं : ज़ायन शहर की ख़ुशक़िसमती है कि अम्न पसंद और दूसरों की ख़िदमत करने वाली जमाअत ने यहां आबाद होने और इतनी ख़ूबसूरत मस्जिद बनाने का फ़ैसला किया है।

मेरी दिली इच्छा है कि यह मस्जिद न केवल इस शहर बल्कि चारों अतराफ़ के लिए उम्मीद की किरण बन जाए। मैं इस कम्यूनिटी को नई मस्जिद के इफ्तेतः पर मुबारकबाद देते हुए ऐवान में एक क़रारदाद पेश कर रही हूँ।

फिर डाक्टर कटरीना लेंटोस् (Katrina Lantos) जो कि लेंटोस् (Lantos) फ़ाउंडेशन फ़ार हियूमन राईट्स ऐंड जस्टिस की सदर हैं, कहती हैं मुझे ऐसे महसूस होता है कि जब भी मैं जमात के लोगों के साथ मिलती हूँ तो मेरी रूहानियत में इज़ाफ़ा होता है। फिर कहती हैं कि यहां ज़ायन में होने वाले मुबाहला के बारे में सुनकर बहुत हैरत हुई कि उस ज़माना में जबकि मोबाइल फ़ोन, कम्पयूटर और अन्य ज़राए मुवासलात मौजूद नहीं थे उस वक़्त भी इस मुक़ाबला को इतनी तशहीर मिली।

एक नज़रिया डाक्टर जान डोवी का था जिसकी बुनियाद नफ़रत, बाहमी तफ़रीक़ और द्वेष पर थी और दूसरा नज़रिया जो कि जमाअत अहमदिया के संस्थापक मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद साहब का था जो कि बाहमी इज़्ज़त और बुर्दबारी पर मुश्तमिल था और एक ऐसी शख़्सियत की तरफ़ से था जिन्हों ने इस का नतीजा पुर्णतः अल्लाह के हाथ में छोड़ रखा था। फिर परिणाम हम जानते हैं कि इस मुबाहले में किस की फ़तह हुई और निसंदेह मस्जिद जिसका अब उद्घाटन होने जा रहा है जिसका नाम "फ़तह-ए-अज़ीम" मस्जिद रखा गया है, इस का मतलब यह है कि अज़ीमुश्शान फ़तह जो कि इस मुबाहला में जमाअत अहमदिया और बानी जमाअत अहमदिया के हिस्सा में आई। फिर कहती हैं कि लेकिन मेरे ख़्याल में हमें यह कहना चाहिए कि वह न सिर्फ जमात अहमदिया बल्कि इन्सानियत की भी फ़तह थी क्योंकि इस से बाहमी इज़्ज़त, मुहब्बत और तहम्मुल की भी फ़तह हुई जिसका नमूना हम अब इस अज़ीमुश्शान जमाअत में देखते हैं। फिर कहती हैं कि आज जिस तरह हम यहां इस ख़ूबसूरत और पुरअमन माहौल में बैठे हुए हैं वहां इन अहमदियों को भी याद रखना होगा जो पाकिस्तान में बैठे हुए हैं और अपने मज़हब की वजह से रोज़ाना नाक़ाबिल-ए-बयान ज़ुलम-ओ-सितम, तशद्दुद और मुनाफ़िरत का सामना करते हैं जो कि हुकूमत-ए-

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ
KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY, JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

वक़्त की मौजूदगी में भी अपने आपको अकेला महसूस करते हैं।

फिर ज़ायन के पूर्व कमिशनर अमोस मूनक (Amos Monk) साहिब ने अपने तास्सुरात का इज़हार किया। कहते हैं कि मेरे ख़्याल में आपकी तालीमात हर चीज़ को प्रभावित किए हुए है और दुनिया को इस से ज़्यादा आगाही होनी चाहिए। मेरे ख़्याल में यह आजकल की दुनिया का ख़ूबसूरत तरीन रहस्य है। मैं अपने सामने मेज़ पर पड़े ब्रोशर देख सकता हूँ जिस पर अदल, इन्साफ़, ख़ुलूस और मुहब्बत का पैग़ाम है। यही तो वह चीज़ें हैं जिसकी दुनिया को ज़रूरत है। नफ़रत ख़त्म कर दें तो दुनिया जन्नत नज़ीर हो जाएगी। मेरे ख़्याल में यह पैग़ाम समस्त संसार को सुनना चाहिए। दुनिया के मसायल का यही वाहिद हल है।

प्रोफ़ैसर क्रेग कोंसिडाइन (Craig Considine) जिन्हों ने रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जीवनी पर एक पुस्तक भी लिखी हुई है, प्रोफ़ैसर हैं, वैसे बड़े पक्के ईसाई हैं, कहते हैं कि मैं इस बात से बहुत भावुक हो गया कि ख़लीफ़-ए-वक़्त मुझे पुराने दोस्त की तरह मिले।

इमाम जमाअत की तक़रीर मुझे बहुत पसंद आई। इस से इस्लाम के बारे में मेरा इलम बढ़ा है।

जब मुझे इस ख़िताब का मतन मिलेगा तो मैं उसे अपनी अगली किताब में प्रयोग करूँगा। फिर कहते हैं कि इमाम जमाअत ने बहुत ही ख़ूबसूरत अंदाज़, आसान शब्दों में यह मज़मून वर्णन फ़रमाया है कि हर वर्ग का इन्सान आसानी से समझ सकता है। फिर कहते हैं कि जो समस्त इन्सानी इक़दार अपनाने, बाहमी सम्मान, बर्दाश्त, वक़ार और इज़्ज़त-ए-नफ़्स का ख़्याल रखने पर तवज्जा दिलाई है ये मुझे खासतौर पर पसंद आया है। फिर कहते हैं आप दरअसल हमें हम सबको बाहमी मुहब्बत की तरफ़ बुला रहे हैं। उन्होंने वहां बैठ के ख़ुतबा जुमा भी सुना था। पूरा एक घंटा बैठे रहे और फिर इसके बाद उन्होंने कहा, मुझे भी कहने लगे कि मैंने ऐसा ख़ुतबा पहले कभी सुना।

अलीनोए (Illinois) से ताल्लुक़ रखने वाली एक मेहमान मेलोडी हाल (Melody Hall) कहती हैं कि मैं प्रॉडक्ट डिवैलपमैंट मैनेजर हूँ। यह प्रोग्राम बहुत दिलचस्प था। मैंने बहुत आनंद उठाया।

इमाम जमाअत का यह संदेश कि मुआशरे में द्वेष रखने वालों शख़्स की कोई जगह नहीं, बहुत ही शानदार पैग़ाम था। आपको देखना, आपकी बातें सुनना, एक बहुत मुनफ़रद, अच्छा एहसास है। मुझे बहुत मज़ा आया और मुझे इमाम जमाअत की ये बात बहुत पसंद आई है कि हमारे पास जो हथियार है वह दुआ का है।

एक और मेहमान जीफ़ फ़ैंडर (Geff Fender) ने कहा मैं सर्टीफ़ाईड पब्लिक एकाऊंटैंट हूँ और रईल स्टेट का काम भी करता हूँ। यह मेरा पहला तजुर्बा था। बहुत मुतास्सिर हुआ हूँ। यहां मस्जिद के उद्घाटन पर आना मेरी ज़िंदगी का एक अनमोल अवसर था। फिर ख़िताब का कहा कि इस से बड़ा प्रभावित हुआ हूँ और आप लोगों के बारे में बड़ी नई मालूमात मिली हैं। फिर कहने लगे कि मेरे लिए दावत-ए-मुबाहला एक नई चीज़ थी और मैं उसके बारे में मज़ीद पढ़ूँगा।

इस तरह तब्लीग़ के रास्ते भी खुलते हैं।

एक हाईस्कूल टीचर मेट रेंडर (Matt Render)भी आए हुए थे। कहते हैं कि मुझे इमाम जमाअत का पैग़ाम और जिस तरह समझा रहे थे, यह अंदाज़ बहुत अच्छा लगा। मेरे जैसे बहुत से लोग इस पैग़ाम को आसानी से समझ सकते थे।

एमरजैंसी सर्विसिज़ से ताल्लुक़ रखने वाली मेरी लू हाईल बर्न्ड या हल बर्न्ड (Mary Lou Hildebrand) भी इस प्रोग्राम में शामिल थीं। कहती हैं मैं बहुत मुतास्सिर हुई। आपके पैग़ाम में ख़ुलूस छलकता था। कोई तकल्लुफ़ नहीं था। हर लिहाज़ से सच्चा और खरा अंदाज़ था। इस से हर कोई आपके रोज़मर्रा ज़िंदगी का अंदाज़ा कर सकता है।

डाक्टर जैसी रॉड रेगज़(Jesse Rodriguez) भी इस प्रोग्राम में शरीक थे। यह Benton इलाक़ा के स्कूलों के सुपरिटेंड हैं, कहते हैं कि इमाम जमाअत के ख़िताब का महवर बाहमी इत्तिहाद था। बहुत शानदार संदेश था। आपने कहा समस्त मज़ाहिब एहमीयत रखते हैं और हम सब इकट्ठे हो सकते हैं। बहुत ही अच्छा था।

फिर एक स्थानीय हाईस्कूल के प्रिंसिपल ज़ैक़ लीविंग स्टोन (Zach Living-stone) कहते हैं कि इमाम जमाअत की बातें अपने अंदर एक ख़ास भावना रखती हैं। विशेषता इन्सानी हुक़ूक़ और ख़िदमत-ए-इन्सानियत के लिए कोशिशें निहायत प्रभावित करने वाले हैं। आपका का मोटो "मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं" समस्त क़ौमों, तमाम मज़ाहिब और खासतौर पर समस्त ज़ायन शहर में गूँजता है। इस पैग़ाम की अशद ज़रूरत है।

महामारी के हालात के बाद हमारी फ़ैमिलीज़ और विद्यार्थियों में बहुत भावनात्मक और आर्थिक ज़वाल आया है और हमें इन मसायल से बाहर निकलने के लिए इस पैग़ाम की अशद ज़रूरत है।

एक और मेहमान शामिल हुए। उन्होंने ज़ायन मस्जिद के संग-ए-बुनियाद के अवसर पर ईंट भी रखी थी। कहते हैं कि आज एक ख़ूबसूरत दिन था। मुझे पिछले साल इस मस्जिद के संग-ए-बुनियाद रखने में शामिल होने की तौफ़ीक़ मिली थी। मैं बहुत ख़ुश था कि मैं उसे मुकम्मल होता देखूँगा। आपकी मस्जिद हमारी कम्यूनिटी के लिए उम्मीद और दोस्ती का ज़रीया है।

ज़ायन की पुलिस के चीफ़ एरिक (Eric) साहिब कहते हैं बड़ा अच्छा प्रोग्राम था। सब लोगों की तरफ़ से मुहब्बत और ख़ुलूस देख कर बहुत अच्छा लगा। यह पैग़ाम कि इस से कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता कि आप कौन हैं। एहमियत इस बात की है कि एक दूसरे का ख़्याल रखने वाले हैं क्या ही उम्दा और ख़ूबसूरत पैग़ाम है।

एक मेहमान जैनीफ़र (Jennifer) कहती हैं कि अगर आपकी जमाअत के उसूलों की बात की जाए तो वह सबसे आला हैं। जब आप ज़ायन शहर में क़दम रखते हैं तो पुरानी इमारत पर एक माटो "मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं" का पैग़ाम दिखाई देता है और इस की गूंज आपके साथ रहती है। यह आवाज़ आपके साथ रहती है और यही ज़ायन शहर की असल है।

फिर एक और मेहमान चीरी नील (Cheri Neal) साहिबा जो ज़ायन टाउन शिप की सुपरवाइज़र हैं कहती हैं इंतेज़ामात से मैं बहुत हैरान हुई। मुझे बहुत ख़ुशी है कि आप अपने इस मक़सद में कामयाब हुए।

फिर एक और मेहमान ने कहा यह जान कर बहुत अच्छा लगा कि हमारे दरमयान आप जैसे राहनुमा मौजूद हैं जो कि लाखों लोगों की नुमाइंदगी करते हैं और लोगों को आपस में जोड़ते हैं। इस विषय पर बात करते हैं कि हम सब एक हैं और हर मज़हब की एहमियत है। यह पैग़ाम बहुत अच्छा और प्रभावी है।

महिला मेहमान ग्लोरिया (Gloria) साहिबा कहती हैं ज़ायन की तारीख़ बहुत मालूमाती थी। जबकि मैं यहां पर रहती हूँ लेकिन इस जगह के बारे में काफ़ी चीज़ें ऐसी थीं जो मैं नहीं जानती थी। फिर एक मेहमान ने कहा। मैंने इस तक़रीब से भरपूर लुतफ़ उठाया और इस पैग़ाम ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। मैं आपके माटो "मुहब्बत सब के लिए नफ़रत किसी से नहीं" के बारे में जानता था लेकिन आप लोगों को देखकर इस पर मज़ीद यक़ीन बढ़ गया।

मुझे बहुत सारी चीज़ों ने मुतास्सिर किया है। और फिर कहने लगे इमाम जमाअत ने जो यह कहा कि क़ुरआन-ए-मजीद ही एक वह किताब है जो तमाम मज़ाहिब की हिफ़ाज़त करती है मैंने यह नई बात सीखी है। मुझे पहले इस बात का इलम नहीं था।

फिर एक इंडियन प्रोफ़ैसर शोभाना शंकर (Shobana Shankar) साहिबा, उनकी मेरे से मुलाक़ात भी हुई थी, स्टेट यूनीवर्सिटी आफ़ न्यूयार्क की प्रोफ़ैसर हैं। अब्दुस्सलाम रिसर्च सैंटर इटली से भी रिसर्च कर चुकी हैं। कुछ अरसा यह घाना में भी रही हैं। उन्होंने इज़हार किया कि आप घाना में थे। आपका काम ज़िंदा है। यह मुझे बातों में कहीं कहा। प्रोफ़ैसर ने बताया कि अफ़्रीक़ा में इस की कई प्रोफ़ैसर्ज़ से बात हुई है जो कि अहमदिया गर्लज़ स्कूल से तालीम याफ़ता हैं। ये लड़कियों के लिए बेहतरीन स्कूल हैं। यह अफ़्रीक़ा में जमाअत की तालीमी ख़िदमात और तारीख़ को उजागर करना चाहती हैं और मग़रिबी अफ़्रीक़ी अहमदियों पर एक किताब लिखना चाहती हैं। प्रोफ़ैसर ने यह कहा कि मुक़ामी ज़बान और अनुवाद करने वालों से इस्तेफ़ादा करने में जमाअत की मुआवनत चाहिए तो बहरहाल उनको मैंने कहा था जहां भी आपको मदद की ज़रूरत होगी इंशा अल्लाह हम मदद कर देंगे और मैं ने कहा बल्कि घाना के इलावा बाक़ी मुल्कों को भी आपको शामिल करना चाहिए।

फिर डैलस (Dallas) में बैतूल इकराम मस्जिद का उद्घाटन हुआ। इस तक़रीब में भी 140 ग़ैर मुस्लिम और ग़ैर अज़ जमाअत मेहमानों ने शिरकत की। उनमें

हदीस नब्वी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और यदि खड़े होकर संभव न हो तो बैठ कर और यदि बैठ कर भी संभव न हो तो पीठ के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

सियास्तदान, डाक्टरज़, प्रोफ़ैसर्ज़, टीचरज़, वुकला, इंजनियरज़, सैक्योरिटी के इदारों के नुमाइंदगान और मुख़्तलिफ़ शोबों से ताल्लुक़ रखने वाले मेहमान शामिल थे।

ऐलन (Allen) शहर की सिटी कौंसल के मैंबर कार्ल कलेमनसिक (Carl Clemencich) जिन्हों ने शहर की चाबी भी पेश की थी उन्होंने अपने जज़बात का इज़हार करते हुए कहा आज मस्जिद बैतुल इकराम के उद्घाटन की तारीख़ी तक़रीब में शामिल होना बड़े एज़ाज़ की बात है। मैं मेयर और ऐलन (Allen) शहर की तमाम सिटी कौंसल की तरफ़ से जमाअत अहमदिया को इस ज़बरदस्त कामयाबी पर मुबारकबाद देता हूँ। मेयर दो दिन पहले मुझे मिल के गए थे। मस्जिद में आए थे और मिले थे और माज़रत कर रहे थे कि मैं मुल्क से बाहर जा रहा हूँ इसलिए हाज़िर नहीं हो सकूँगा और अपना नुमाइंदा भेजूँगा। वह मेयर साहिब भी अच्छे मिलनसार थे।

फिर मेयर के ये नुमाइंदे कहते हैं कि हम जमाअत अहमदिया की ख़िदमात को सराहते हैं जिसमें गरीबों के लिए खाना तक़सीम करना, ज़रूरतमंदों के लिए कपड़े जमा करना और बहुत से दीगर अवसरों पर इस इलाक़े के ज़रूरतमंद रिहायशियों की मदद करना शामिल है। फिर कहते हैं यह ऐलन शहर की ख़ुशक़िसमती है कि एक अम्न पसंद और इन्सानियत की ख़िदमत का जज़बा रखने वाली कम्यूनिटी ने इस शहर को अपनाया और इस शहर में यह ख़ूबसूरत मस्जिद बनाई।

मेरी ख़ाहिश है कि यह मस्जिद न सिर्फ इस शहर के लिए बल्कि इस समस्त इलाक़े के लिए एक उम्मीद की किरण साबित हो। ऐलन (Allen) शहर जो है ये भी डैलस (Dallas) के बिल्कुल साथ ही जुड़ता शहर है। अब तक़रीबन उस का हिस्सा ही बन चुका है। आख़िर में उन्होंने मेयर और ऐलन (Allen) शहर की कौंसल की तरफ़ से शहर की चाबी भी पेश की।

प्रोफ़ैसर डाक्टर राबर्ट हंट (Dr Robert Hunt) तक़रीब में शामिल थे जो कि सदर्न मैथोडिस्ट यूनीवर्सिटी परकिनज़ स्कूल आफ़ थियोलोजी (Southern Methodist University, Perkins School of Theology) में ग्लोबल थियोलोजिकल Global Theological) विभाग के डायरेक्टर हैं। कहते हैं कि मैं जमात अहमदिया का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ कि आपने मैथोडिस्ट यूनीवर्सिटी से मुझे और मेरे साथियों को आज के तारीख़ी प्रोग्राम में शमूलीयत की दावत दी। यह हमारे लिए बहुत फ़ख़र की बात है। और फिर कहते हैं जमाअत के सरबराह, इमाम जमाअत अहमदिया दो ख़ूबियों को फ़रोग़ देने के लिए वक़्फ़ हैं जिसमें पहली मज़हबी आज़ादी और दूसरी बैनुल मज़ाहिब वार्तालाप हैं।

इन दोनों ख़ूबियों का आपस में गहरा ताल्लुक़ है क्योंकि मज़ाहिब के अंदर अगर बाहमी इफ़हाम-ओ-तफ़हीम न हो और बाहमी एहतराम न हो तो भेदभाव की आवाज़ को शक्ति मिलती है और मैं यह बात इस बुनियाद पर करता हूँ कि मेरी आधी बालिग़ ज़िंदगी ऐसे देशों में गुज़री है जहां मैं ख़ुद मज़हबी अक़ल्लीयत में था। फिर कहा कि तारीख़ गवाह है कि जमाअत अहमदिया को ज़ुलम का निशाना बनाया गया और इसी वजह से यह जमाअत मज़हबी आज़ादी की काविशों में सफ़-ए-अव्वल पर रही और यही चीज़ है कि जब तक हम एक दूसरे के साथ एहतेराम और खुली ज़हनीयत के साथ पेश न आएं हम भेदभाव पर क़ाबू नहीं पा सकते और नकारात्मक चीज़ों को मुआशरे से ख़त्म नहीं सकते।

फिर रिपब्लिकन (Republican) कांग्रेस मैन ऑनरेबल माईकल मुककाल (Michael McCaul) ने अपने ख़्यालात का इज़हार किया। कहते हैं कि दुनिया के तीन मज़ाहिब यहूदियत, ईसाइयत और इस्लाम हज़रत इबराहीम अलैहिस्सलाम से अपनी तारीख़ जोड़ते हैं और फिर मुझे उन्होंने कहा कि आपका एतिक़ाद है कि हज़रत इबराहीम से जुड़े ये तीनों मज़ाहिब अमन के साथ रह सकते हैं। इस बात का तजुर्बा जमाअत अहमदिया से ज़्यादा किस को हो सकता है। फिर कहने लगे मुझे इमाम जमाअत के साथ हज़रत-ए-ईसा अलैहिस्सलाम और जमाअत अहमदिया की तालीम नए अह्दनामा और इंजील के बारे में बात करने का अवसर मिला। उनसे बात होती रही और किताब "मसीह हिंदुस्तान में" यह भी उनके पास थी, कहते हैं मैंने आधी पढ़ ली है और पढ़ रहा हूँ। बड़ी दिलचस्प है और मज़ीद रिसर्च करूँगा। कहते हैं इस किताब से हज़रत-ए-ईसा के बारे में भी बहुत सारी नई बातें मुझे पता लग रही हैं। अच्छे पढ़े लिखे हैं और मज़हब से दिलचस्पी रखने वाले हैं। बहरहाल कहते हैं कि नए अह्दनामा और इंजील के बारे में बात करने का अवसर मिला। इस में कोई शक नहीं कि हम जमाअत-ए-अहमदिया से अमन, रहमदिली और मुहब्बत के बारे में बहुत कुछ सीख सकते हैं। मेरी परवरिश कैथोलिक हुई है। मैं अब अमरीकी कांग्रेस में अहमदिया कॉक्स (Ahmadiyya Caucus) का चेयरमैन हूँ। हमारी जमाअत के हक़ में बोलने वाले आवाज़ उठाने वाले जो लोग हैं यह इस कमेटी के चेयरमैन हैं। फिर कहते हैं खासतौर पर दुनिया में अमन फैलाने और क़ौमों में इत्तेहाद क़ायम करने, अदम तशद्दुद, इंतेहापसंदी का ख़ातमा, ग़ुर्बत के ख़ातमा, इक़तेसादी मुसावात, आलमी इन्सानी हुक़ूक़ के लिए और आलमी मज़हबी आज़ादी के लिए आपकी कोशिशों को सराहता हूँ। फिर कहते हैं मुतअद्दिद अहमदी मुस्लमानों को टार्गेट कर के क़तल किया गया। इस ज़ुलम-ओ-सितम की जारी दास्तान के बावजूद इमाम जमाअत ने दूसरों पर इंतेक़ामी तशद्दुद करने से मना फ़रमाया जो एक बहुत अज़ीम है।

फिर कहते हैंका इमाम जमाअत ने बार-बार दुनिया के राहनुमाइ को समझाया कि हक़ीक़ी और देरपा अमन के लिए इन्साफ़ ज़रूरी है। मज़लूम क़ौमों के हुक़ूक़ के लिए आवाज़ उठाई। इस तरह के ख़्यालात का इज़हार उन्होंने किया। काफ़ी लंबे विचार हैं।

एक मेहमान टॉम बैरी (Tom Berry) कहते हैं कि मैं इमाम जमाअत का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ। उनका पैग़ाम, मेहमान-नवाज़ी, बाहमी मेल-जोल सब कुछ बहुत ख़ूब था। निसंदेह यह एक नेअमत है कि अक़ीदे या मज़हब से क़त-ए-नज़र एक दूसरे की ज़्यादा से ज़्यादा भलाई के लिए काम हो। ज़िंदगी की क़दर हो। ज़िंदगी से प्यार हो। इन्सानों का एहतेराम हो। इन्सानों से मुहब्बत हो। यह ज़ाहिर करता है कि ऐसे मुआशरे में किसी एक फ़र्द या इदारे की इजारादारी नहीं है। सबको मिलकर काम करना चाहिए। यही ख़लीफ़ा का पैग़ाम था। यह पैग़ाम ऐसा है कि रोज़ाना सोने से क़बल और सुबह उठने के बाद दोहराना चाहिए और इसी पैग़ाम को फैलाना चाहिए। यही पैग़ाम हमें अपने बच्चों को समझाना चाहिए ताकि जब हम नहीं होंगे तो वह इस पैग़ाम को जारी रखें। मैं आप का फिर शुक्रिया अदा करता हूँ।

फिर एक मुस्लमान मेहमान सुलतान चौधरी साहिब थे। कहते हैं कि इमाम जमाअत ने जो समस्त दुनिया के लिए अमन का पैग़ाम दिया है यह मेरे ख़्याल में एक बेहतरीन पैग़ाम है। मैं समझता हूँ कि यह बहुत ज़रूरी है कि मुस्लमानों के ख़िलाफ़ इस ख़ौफ़ को दूर किया जाए कि वे यहां क़बज़ा कर लेंगे।

उन्होंने वाज़िह किया है कि चूँकि मुस्लमानों को ख़त्म करने की कोई साज़िश नहीं कर रहा, कोई कोशिश नहीं कर रहा इसलिए मुस्लमानों के लिए किसी जंगी मुहिम का कोई जवाज़ नहीं है।

नॉर्थ प्रेस्बिटेरियन चर्च (North Presbyterian Church) से एक मेहमान ख़ातून बेवर्ली मेकार्ड (Beverly McCord) साहिबा आई थीं। कहती हैं ख़लीफ़ा को देखकर, उनकी बातें सुनकर बहुत सुकून मिला। किसी को आलमी अमन के लिए इस तरह कोशिश करते हुए नहीं देखा। बहुत अच्छा एहसास है। अगर लोग अपनी ख़ुदग़रज़ी, किसी पड़ोसी पर ग़लबा पाने या किसी दूसरे के इलाक़े पर क़बज़ा करने या किसी पर ज़ुलम करने के एजंडे के बजाय इस पैग़ाम को सुनें तो दुनिया में अमन हो सकता है। काश हम अमन को फ़रोग़ देने वाली मज़ीद तक़ारीर सुन सकें और लोगों को याद दिलाते रहें कि उन्हें हमेशा अमन की पैरवी करनी चाहिए और काम करना चाहिए।

कोलिन (Collin) काओनटी पुलिस डिपार्टमैंट से भी एक शख़्स लेराए (Le-Roy) साहिब शामिल हुए थे। कहते हैं यह ख़ूबसूरत प्रोग्राम था जिससे मैंने बहुत कुछ सीखा। अहमदिया मुस्लिम कम्यूनिटी ने हक़ीक़तन एक शानदार काम किया है।

फिर एक मुस्लमान मेहमान डाक्टर हलीमुर्रहमान साहिब भी थे। कहते हैं यह बिल्कुल नाक़ाबिल-ए-यक़ीन था। मुझे तक़रीब, इंतेज़ामात, मेहमान-नवाज़ी, पंडाल बहुत अच्छा लगा। कहते हैं मैं इस एहतेराम का मुस्तहिक़ नहीं था जो उन लोगों ने मुझे दिया है। यह सब माहौल देखकर आपकी इज़्ज़त-अफ़ज़ाई से मेरी आँखें नम हो गई हैं। मुझे बेहतरीन इन्सानों के माबैन वक़्त गुज़ारने का अवसर मिला। हक़ीक़ी इन्सान जो कि इस्लाम की हक़ीक़ी तालीमात पर अमल पैरा हैं। यहां बैठ के तो यह बयान देते हैं। पाकिस्तान जाएं तो मौलवी जीने दें।

एक मेहमान अबी करकुंडल (Abby Kirkendall) कहती हैं कि मैंने ऐसी मज़हबी जमाअत देखी जिसकी इबादत का तरीक़ा तो हमसे मुख़्तलिफ़ है लेकिन हमारी इक़दार एक जैसी हैं। मेरे लिए एक शानदार तजुर्बा था। यह मेरे लिए गर्व की था कि मैं इमाम जमाअत जो मज़हबी राहनुमा हैं को ऐसी इक़दार के बारे में बात करते हुए देख रही थी जो कि सब कम्यूनिटीज़ को अपने अंदर समो लेनी चाहिए। फिर कहती हैं यहां आकर मुझे ख़ुदा की मौजूदगी का एहसास हो रहा था और अक़ायद से क़त-ए-नज़र जहां आपको ख़ुदा की मौजूदगी का एहसास हो वहां आपको अमन और सुकून मिलता है जो आज यहां तमाम अफ़राद को मज़हब के मतभेद के और क़ौम और मिल्लत प्राप्त हुई और यही चीज़ है जिसकी ज़रूरत समस्त कम्यूनिटीज़ को है।

फिर एक महिला विक्टोरिया साहिबा कहती हैं मुझे जो चीज़ यहां सबसे ज़्यादा नुमायां लगी वह इमाम जमाअत का ख़िताब था कि किस तरह मज़हबी इख़्तेलाफ़ और मुख़्तलिफ़ नज़रियात के बावजूद हम सब आपस में एक दूसरे से जुड़े हैं।

मेरे ख़्याल में यह एक ऐसी चीज़ है जिसका आजकल बैनुल मज़ाहिब डायलॉग में फ़ुक़दान नज़र आता है और किसी को इतनी हिक्मत और दानाई के साथ इस बारे में बात करते हुए देखकर बहुत ख़ुशी महसूस हुई कि अपने मज़हबी अक़ायद में इख़्तेलाफ़ात के बावजूद तमाम बनीनौ इन्सान एक दूसरे से जड़े हुए हैं और हमें किस तरह आपस में अमन के साथ एक दूसरे का एहसास करते हुए रहना चाहिए।

फिर एक मेहमान महिला थीं मेरी मेकडरमट (Mary McDermott) कहती हैं। यह वहां मस्जिद डैलस में हमारी हमसाई हैं। उनकी बहुत बड़ी ज़मीन है। उन्होंने पार्किंग के लिए जगह भी दी थी। कहती हैं मैं पहले कभी भी ज़मीन के इस मिट्टी भरे टुकड़ेसे इतनी ख़ुश न हुई जितना इस प्रोग्राम के लिए देने पर हुई हूँ। बहुत शरीफुल-नफ़्स और आला अख़लाक़ की महिला थीं। अपनी जगह दे दी उन्होंने बल्कि साफ़ करवा के, ठीक करके, लेवल कर के दी।

फिर एक महिला बेवर्ली मेकार्ड (Beverly McCord) थीं जिन का मैं पहले भी वर्णन कर चुका हूँ। वह कहती हैं मुझे हमेशा आलमी मज़हबी राहनुमाओं को सुनना अच्छा लगता है जो कि लोगों को नियमित अमन की ज़रूरत, बाहमी इख़्तेलाफ़ात के निवारण और मुहब्बत की तरफ़ बुलाते रहते हैं। मुझे हमेशा ऐसे पैग़ाम सुनकर ख़ुशी होती है।

मुझे ज़ाती तौर पर इस जमाअत से कोई ख़ौफ़ नहीं है और दूसरों के ख़ौफ़ज़दा होने की भी कोई वजह समझ नहीं आती क्योंकि यह जमाअत तो बहुत मुहब्बत करने वाली, एहसास करने वाली और हमेशा ख़िदमत-ए-ख़लक़ करने वाली जमाअत है। अगर किसी को कोई ख़ौफ़ हो तब भी इस जमाअत की ख़िदमत-ए-ख़लक़ और फ़लाही कामों को देखकर फ़ौरन दूर हो जाता है।

फिर जोशुआ (Joshua) नामी एक मेहमान थे। कहते हैं आज की इस उद्घाटन के अवसर पर मुझे और दीगर सीनीयर पादरी हज़रात को दावत दी गई हैकि इस तक़रीब में शामिल हूँ और लोगों से बातचीत का अवसर मिले। मैं इस बात को बहुत सराहता हूँ कि यहां किस तरह हिक्मत के साथ अमन, इत्तेहाद और इन्साफ़ के बारे में बात की गई है।

इस बात का एहसास भी हुआ कि ऐसे लोग भी हैं जिनका ताल्लुक़ मुख़्तलिफ़ तहज़ीब और तमद्दुन से है लेकिन वे भी हमारी ज़िंदगियों में ख़ुदा की मौजूदगी और इन्सानों में बाहमी हमदर्दी का प्रचार करते हैं और क्योंकि हमारे आमाल का एक दूसरे पर भी असर होते हैं। इसलिए इस तरह मिल बैठना और खाने खाना और बातें करना ज़रूरी होता है। कहते हैं मैं अपनी पत्नी को बता रहा था कि यहां मेज़बानी बहुत उम्दा थी। यहां पहुंचते ही हर चीज़ आर्गनाइज़्ड लगी।

इसी तरह वहां फोर्ट विरथ (Fort Worth) एक जगह है डैलस (Dallas) से पच्चास पचपन मील की दूरी पर है। वहां भी गए थे

एक छोटी सी मस्जिद, नई जगह ली है। यह जगह तो साढ़े तीन एकड़ है। बिल्डिंग भी काफ़ी बड़ी है। लेकिन इस में मस्जिद नहीं बल्कि इमारत ख़रीदी गई थी। यह जगह तो पौने पाँच एकड़ है, साढ़े तीन नहीं है। और तेराह हज़ार मुरब्बा फुट की एक इमारत भी यहां मौजूद है। मल्टी परपज़ हाल हैं, दफ़ातर हैं, लॉबीज़ शामिल हैं। बहरहाल यहां एक गुम्बद और दो मीनार तामीर करने का प्रोग्राम है ताकि मस्जिद की शक्ल दे दी जाए। ये अच्छी जगह है। वहां अहबाब जमाअत नमाज़ें भी पढ़ते हैं। अच्छी जगह है। मुझे भी वहां नमाज़ मग़रिब इशा पढ़ाने का अवसर मिला।

एक मेहमान अबी किरकुंडल (Abby Kirkendall) साहिबा जिनका पहले भी वर्णन हो चुका है फोर्ट वरथ में रहती हैं, डैलस मस्जिद के उद्घाटन पर आई हुई थीं। कहती हैं इमाम जमात ने ख़ुदा तआला की मंशा के मुताबिक़ एक दूसरे के साथ मिल-जुल कर काम करने का पैग़ाम बहुत ही सुन्दर रंग में दिया। अमन और न्यूक्लीयर जंग से बचाओ का पैग़ाम मेरे लिए ख़ास एहमियत रखता है। उनका यह पैग़ाम कि जो भी इस जंग का हिस्सा बनेगा वह तबाही में जा गिरे गा, बहुत ज़बरदस्त था।

फिर फोर्ट विरथ से ही फ़रस्ट यूनाईटिड मैथोडिस्ट चर्च (First United Methodist Church) की एक मैंबर हैं, यह भी वहां डैलस (Dallas) मैं ही आई हुई थीं। कहती हैं कि पैग़ाम बहुत शानदार था। प्रत्येक को ख़लीफ़ा के इस वाज़िह पैग़ाम को ज़रूर सुनना चाहिए। ख़लीफ़ा के ख़िताब का अंदाज़ भी शानदार था। ख़िताब सुनकर एक लुतफ़ महसूस हुआ मैं उनको दुबारा भी सुनना चाहूंगी।

फिर हाईस्कूल मिनिस्ट्री की एक टीचर हैं। कहती हैं कि ख़लीफ़ा की दो बातों का मुझ पर ख़ास असर हुआ। एक तो यह कि उन्होंने इस बात का एतराफ़ किया कि मुआशरे के अंदर इस्लाम के मुताल्लिक़ वाक़ई तहफ़्फ़ुज़ात मौजूद हैं और बहैसियत एक टीचर होने के मैं यह चीज़ें अपने विद्यार्थियों में गाहे-बा-गाहे देखती रहती हूँ। दूसरी चीज़ जिसको मैंने बहुत सराहा वह ख़लीफ़ा वक़्त का नियुक्लियर हथियारों को इस्तिमाल के मुताल्लिक़ सचेत करना था। आजकल के हालात में इस किस्म का हिक्मत से परिपूर्ण पैग़ाम सुन कर बहुत अच्छा लगा।

तो यह तो थे कुछ लोगों के विचार। अब कुछ और मालूमात हैं, सम्बन्धित बातें हैं, वह भी वर्णन कर देता हूँ। यहां मस्जिद ज़ाइन (Zion) में ही जैसा कि आपने एम.टी.ए में देख भी लिया होगा, डोवी के मुबाहला के हवाले से एक नुमाइश लगाई गई थी और जो अख़बारों ने शाय किया था, इन अख़बारों की कटिंग भी वहां थी। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने मजमूआ इश्तेहारात में बत्तीस 32 अख़बारात के नाम लिखे हैं और साथ तहरीर फ़रमाया है "यह अख़बार सिर्फ़ वह हैं जो हम तक पहुंचे हैं। इस कसरत से मालूम होता है कि सैंकड़ों अख़बारों में यह वर्णन हुआ होगा।" इसलिए जमाअत अमरीका ने इस हवाले से मज़ीद तहक़ीक़ की और मज़ीद अख़बारात तलाश किए। इन बत्तीस अख़बारात के इलावा जिनका वर्णन हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने फ़रमाया है मज़ीद एक सौ अट्ठाईस अख़बारात ऐसे मिले हैं जिनमें डोवी को दिए जाने वाले मुबाहले के चैलेंज का वर्णन है। इस तरह इस ज़माने में इन अख़बारात की कुल संख्या160 तक चली गई।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के ज़माने में अमरीका के 160अख़बारों ने यह बयान दिया। ये समस्त अख़बारात डीजीटल सूरत में मस्जिद फ़तह अज़ीम के साथ लगाई जाने वाली नुमाइश में मौजूद हैं और लोगों ने आ के देखे।

